卐 श्री सदगुरु देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 181 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦8 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427580 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं:धामी

## टिहरी झील में सीएम धामी ने किया 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स का किया वर्चुअल शुभारंभ





टिहरी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वॉटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट, टिहरी में आयोजित 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चैंपियनशिप का वर्चुअल माध्यम से भव्य शुभारंभ किया। रातभर से हो रही भारी बारिश के चलते मुख्यमंत्री स्वयं टिहरी नहीं पहुंच सके, जिसके बाद उन्होंने देहरादून से ही प्रतियोगिता का उद्घाटन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। यह पहला अवसर है जब उत्तराखंड को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि अब खेलभूमि के रूप में भी अपनी नई पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन राज्य की मजबूत खेल अवसंरचना का प्रमाण है। सीएम ने कहा कि टिहरी झील में आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करेगी, बल्कि उत्तराखंड को साहसिक खेलों और पर्यटन के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भी स्थापित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को हर संभव आधुनिक सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटीबीपी की मेजबानी में आयोजित इस पांच दिवसीय चैंपियनशिप में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों सहित अर्धसैनिक बलों की कुल 19 टीमें शिरकत कर रही हैं। इसमें आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और असम राइफल्स के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे राज्यों की पुलिस टीमें शामिल हैं। कुल 440 खिलाड़ियों में 139 महिला और 299 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं, जो कैनोइंग, रोइंग एवं कयाकिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

# पार्षद धामी हत्याकांड का ईनामी शूटर गिरफ्तार



रुद्रपुर। एसटीएफ व पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही के बाद सफलता हासिल करते हुए पार्षद प्रकाश धामी के सनसनीखेज हत्याकांड का आरोपी 25,000 हजार रुपए के मध्य प्रदेश के इनामी शूटर रिंकू शर्मा उर्फ पंडित को गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अजय सिंह ने गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 12 अक्टूबर 2020 को रुद्रपुर क्षेत्र के भदईपुरा वार्ड नंबर 13 में भाजपा समर्थित पार्षद प्रकाश सिंह धामी को उनके घर के बाहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।घटना के अनुसार सुबह लगभग 9 बजे एक आई-10 कार में सवार बदमाश भदईपुरा पहुंचे। एक युवक ने पार्षद धामी को घर से बाहर बुलाया और बातचीत में उलझा लिया। इसी दौरान कार में सवार अन्य बदमाश मौके पर पहुंचे और (शेष पृष्ठ सात पर)

# गैस की किल्लत पर कलेक्ट्रेट में बुलंद की आवाज

## समाजसेवी सुशील गावा की अगुवाई में जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में गहराते एलपीजी गैस सिलेंडर संकट और वितरण प्रणाली की बदहाली को लेकर समाजसेवी सुशील गाबा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध दर्ज किया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में पीसीएस ऋचा शर्मा को ज्ञापन सौंपकर जनता का दर्द बयां किया और व्यवस्था शीघ्र सुचारू करने की मांग की। समाजसेवी सुशील गाबा ने प्रशासन को साक्ष्यों के साथ अवगत कराया कि रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप, भदईपुरा, रम्पुरा जैसे श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों से लेकर फाजलपुर और आवास विकास तक में गैस के लिए हाहाकार मचा है। उन्होंने विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारों के चित्र दिखाते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)

# लाखों की स्मैक के साथ महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दो बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। किच्छा और रुद्रपुर क्षेत्र में की गई अलग-अलग छापामार कार्रवाइयों में पुलिस ने एक महिला और एक युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 236.33 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि पहली बड़ी कार्रवाई किच्छा थाना क्षेत्र के लालपुर चौकी पुलिस और एएनटीएफ कुमाऊं रेंज की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिसमें उपनिरीक्षक बसंत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि श्मशान घाट के पास एक महिला संदिग्ध वस्तु के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रही है। पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और चारपाई पर बैठी महिला को हिरासत में लिया। महिला की पहचान सुरेन्द्र कौर उर्फ छिन्दी कौर निवासी टिब्बा लालपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 133 ग्राम शुद्ध स्मैक, 4000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

# नानकमत्ता पुलिस ने भी दबोचा एक स्मैक तस्कर




नानकमत्ता,। ऊधम सिंह नगर पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 15.06 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।पुलिस मुख्यालय देहरादून के निर्देशों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद भर में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

# आईजी ने पिथौरागढ़ में परखी कानून व्यवस्था की जमीनी हकीकत

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और फाइलों के डिजिटलीकरण को लेकर दिए सख्त निर्देश





पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। कुमाऊं की कानून व्यवस्था को नई धार देने और पुलिसिंग को आधुनिक, पारदर्शी व जनोन्मुख बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल का पिथौरागढ़ दौरा विभाग के लिए एक कड़ा प्रशासनिक संदेश साबित हुआ। आईजी का यह वार्षिक निरीक्षण महज एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों और पुलिसिंग के मानकों को अत्यंत बारीकी से परखा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि पुलिसिंग की गुणवत्ता, समयबद्धता और जवाबदेही में किसी भी प्रकार की कोताही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने जनपद में चल रही विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने थाना जाजरदेवल के निर्माणाधीन भवन के विस्तार का गहराई से परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता और कार्य की प्रगति को लेकर कार्यदायी संस्था व तकनीकी अधिकारियों से सवाल-जवाब किए। आईजी ने दो टूक कहा कि सुदृढ़ पुलिस अधोसंरचना ही प्रभावी कानून व्यवस्था की असली नींव है, इसलिए निर्माण कार्यों में मानकता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और तय समयसीमा के भीतर निर्माण पूर्ण कराया जाए, अन्यथा लापरवाही मिलने पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। स्थलीय निरीक्षण के बाद आईजी ने पुलिस कार्यालय पिथौरागढ़ की विभिन्न शाखाओं का रुख किया। उन्होंने अपराध शाखा, गोपनीय विभाग और अभिलेख शाखा के रजिस्टरों और फाइलों का सूक्ष्मता से मिलान किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। (शेष पृष्ठ सात पर)

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता: धामी

## मुख्यमंत्री ने की पांच विधानसभाओं की सीएम घोषणाओं की समीक्षा



देहरादून। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्र की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जिन योजनाओं का समाधान शीघ्र हो सकता है, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें अनावश्यक विलंब न हो। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जन समस्याओं का समाधान करें।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग की समीक्षा के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। हेली एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएं। निर्माण से संबंधित कार्यों में यदि किसी विभाग द्वारा प्रस्ताव किसी अन्य विभाग को हस्तांतरित किया जाना है, तो उसे शीघ्र भेजा जाए। विलंब करने पर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित वन विभाग के स्तर पर लंबित प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि मानसून से पहले वर्षाकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में होटल एसोसिएशन के साथ समय-समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, विधायक थराली भूपाल राम टम्टा, केदारनाथ विधायक श्रीमती आशा नौटियाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे, रविनाथ रमन, एस.एन. पांडेय, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, धीराज गर्ब्याल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# प्राइमरी स्कूल में नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

गूलरभोज। नगर पंचायत गूलरभोज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग और अधिशासी अधिकारी राजकुमार भारती ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत कर्मचारियों और स्कूल के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सतीश चुग ने कहा



कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। अधिशासी अधिकारी राजकुमार भारती ने बताया कि विद्यालय के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। इसी क्रम में पुलिस चौकी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी सघन स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई। इस अवसर पर सभासद बलराम मंडल, इंदर सिंह राठौड़, राजू सिंह, भूपेंद्र आर्य, लखविंदर सिंह लक्खा और उषा राजभर सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अभियान को सफल बनाने में पुरुषोत्तम, शेरिन जहां, पर्यावरण पर्यवेक्षक रवि, सुपरवाइजर गुनातन दास, पप्पू आर्या और नरेंद्र धपोला सहित नगर पंचायत के तमाम कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया। स्कूल के शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों को सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# हेमंत साहू दूसरी बार निर्वाचित हुए युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष

हल्द्वानी। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में हेमंत साहू के दोबारा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी



की लहर दौड़ गई है। उनकी इस जीत पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उनके जमीनी संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण का प्रतिफल बताया है।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हेमंत साहू के नेतृत्व में युवा कांग्रेस क्षेत्र में और अधिक सशक्त होगी और युवाओं के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुमितर भुल्लर, पूर्व राज्य मंत्री सुहैल अहमद, कांग्रेस जिला महामंत्री मलय बिष्ट, राष्ट्रीय सचिव मीमांसा आर्या, व्यापारी नेता अतुल गुप्ता गांधी, सचिन राठौर, मोनू चौहान, कौशलेंद्र भट्ट, लाल सिंह पवार, पार्षद प्रीति आर्या, जीत सिंह, राजेश साहू और केतन जायसवाल शामिल रहे। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। गौरतलब है कि हेमंत साहू पूर्व में कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री, हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस और नैनीताल जिला प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का कर्मठता के साथ निर्वहन कर चुके हैं। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा नेता हेमंत साहू ने वरिष्ठ नेताओं और युवा साथियों का आभार जताते हुए कहा कि यह विश्वास उनके लिएबड़ी जिम्मेदारी है।

# रोग मुक्त भारत के लिए आरसीएम ने बढ़ाया कदम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आरसीएम अभियान द्वारा रोग मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने हेतु स्वास्थ्य जीवनशैली और संतुलित खानपान को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित लोगों की बीपी जांच, बॉडी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी कि पर्याप्त नींद, मानसिक स्वास्थ्य, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और आवश्यक सप्लीमेंट्स को अपनाकर व्यक्ति इस पुनीत कार्य में आरसीएम रूद्रपुर टीम की राधा सुभाष, कविता रावत, ममता नेगी, दुर्गावती, सीता सुनील चौरसिया, रूपा रानी, रेनू सक्सेना,



विनीत लाखेड़ा, पुष्पा नेगी, श्वेता ठाकुर और अलका गाबा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। वक्ताओं ने

क्रांति दिवस का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय स्वदेशी आरसीएम वंडर वर्ल्ड क्विक में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और स्वास्थ्य जागरूकता का लाभ उठाया। आरसीएम अभियान पिछले कई वर्षों से देशभर में सही स्कैनिंग, शुगर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, लिपिड प्रोफाइल सहित लिवर और किडनी फंक्शन टेस्ट जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें निशुल्क की गईं। कार्यक्रम में न्यूट्रीचार्ज की ट्रेनर शिल्पा गर्ग ने सीड्स के सिद्धांत के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का प्रभावी मार्ग बताया। बीमारियों से दूर रह सकता है। इसके साथ ही शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों जैसे प्रोटीन, विटामिन, मिनरल, फाइबर, ओमेगा-3 और एंटीऑक्सीडेंट्स के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन के नेतृत्व में किया गया। संदेश दिया कि स्वास्थ्य ही असली संपत्ति है और नियमित जांच ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। समिति के सदस्यों ने बताया कि जागरूक नागरिक ही स्वस्थ भारत की पहचान है और भविष्य में भी इस प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# प्रकाश पर्व पर गुरमत समागम आयोजित




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा में पांचवें पातशाह साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी (आदिगुरु ग्रंथ साहिब जी के संकलक व प्रथम शहीद गुरु) तथा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी (धर्म रक्षक व कश्मीरी पंडितों के उद्धारक) के अवतरण दिवस को चढ़दी कला में मनाया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हेड ग्रंथी भाई साहिब ठाकुर सिंह की पवित्र कथा से हुई, जिसमें गुरुओं की शहादत व शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। कथा के बाद हजूरी कीर्तनिए भाई प्रभु सिंह खालसा गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा ने शबद कीर्तन से माहौल को आनंदमय बना दिया। भाई जसपाल सिंह, दलजीत सिंह, तनप्रीत सिंह एवं वीरेंद्र सिंह ने अपनी मधुर प्रस्तुति से संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाई शुभजीत सिंह हजूरी कीर्तनिए, श्री दरबार साहिब अमृतसर के कीर्तन के दौरान संगत ने सामूहिक रूप से शबद गाए। दीवान की समाप्ति गुरु का अटूट लंगर प्रसाद से हुई। जहां सभी ने मिल-भरकर प्रसाद ग्रहण किया। शाम के दीवान में पटियाला से बीबी जसप्रीत कौर ने श्लोक कीर्तन से संगत को निहाल किया। दीवान समाप्ति पर गुरु का लंगर पुन: अटूट बरता गया। गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा प्रबंधन कमेटी के मुख सेवादार रमनदीप सिंह सहनी एवं सेवक परिवार ने समूह संगत, नानक नाम लेवा भाइयों-बहनों को हार्दिक बधाई दी।

# शिविर में अशोका लेलेंड कर्मियों का हुआ हेल्थ चेकअप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ के.के. अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकार के निर्देशन में अशोका लेलैंड पंतनगर प्लांट में कर्मचारियों के लिए एक वृहद चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से प्लांट परिसर के भीतर किया गया। शिविर में कर्मचारियों को विभिन्न



स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे, रक्त जांच, गैर-संचारी रोग जैसे रक्तचाप एवं शुगर जांच तथा एचआईवी जांच शामिल रही।।शिविर के दौरान कुल 101 टीबी स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे, 75 रक्त जांच, 121 एनसीडी स्क्रीनिंग, 93 एचआईवी जांच सफलता पूर्वक संपन्न की गईं। इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार सागर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उनके साथ डीएलएसए की टीम भी सक्रिय रूप से उपस्थित रही।स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. हरेंद्र कुमार (एसीएमओ) उपस्थित रहे। साथ ही अशोका लेलैंड की ओर से डॉ. शैव्या अरोड़ा एवं अन्य कंपनी अधिकारी एवं कर्मचारी भी शिविर में मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समय रहते जांच के माध्यम से रोगों की पहचान सुनिश्चित करना था। इस पहल को कर्मचारियों द्वारा सराहा गया तथा बड़ी संख्या में उन्होंने शिविर का लाभ उठाया।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का मेयर ने किया शिलान्यास

काशीपुर। मेयर दीपक बाली द्वारा वार्ड नं 36 स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में 85 लाख 68 हजार की लागत से बनने वाली रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित सोलर उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अलावा राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान, काशीपुर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित 9 दिवसीय "सोलर उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम" का भी शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव की धूम

काशीपुर। राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम ष्नवोन्मेषष में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ अत्यंत सराहनीय रहीं। इस मौके पर प्रिंसिपल सुमिता श्रीवास्तव व मेयर दीपक बाली समेत बड़ी तादाद में गणमान्य व जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी दर्ज रही।

# जेएफ राणे ऑटोमोटिव ने छात्रों को बांटे स्कूल बैग और स्टेशनरी

रूद्रपुर । सामुदायिक विकास और प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत जेएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के शीर्ष नेतृत्व ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर का दौरा किया। विद्यालय में आयोजित नए छात्र नामांकन और परिचय समारोह में जेएफ राणे ऑटोमोटिव के अध्यक्ष जी मुरलीधरन ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर उनके साथ कंपनी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा, जिसमें प्लांट हेड वी राजराजन,



उपाध्यक्ष टीई एलंगोवन, डीजीएम ऑपरेशंस वेलमुरुगन और मानव संसाधन प्रमुख नरेंद्र पाल जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। समारोह के दौरान जी मुरलीधरन ने प्रत्येक छात्र के साथ व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उन्हें सफलता के सूत्र बताए। उन्होंने बच्चों को जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर कुछ नया सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।नन्हे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जी मुरलीधरन ने लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में एक स्पष्ट उद्देश्य का होना अनिवार्य है, क्योंकि सही दिशा में उठाया गया छोटा कदम ही भविष्य की बड़ी सफलता की पहली सीढ़ी बनता है। छात्रों की शैक्षिक यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी बच्चों को स्कूल बैग और आवश्यक स्टेशनरी किट भी वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान नए नामांकित छात्रों का परिचय कराया गया।

# साइबर अपराधियों पर शिकंजा,5 संदिग्ध हिरासत में



रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर में साइबर अपराधों के विरुद्ध पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए व्यापक अभियान चलाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा साइबर ठगी में संलिप्त गिरोहों, म्यूल अकाउंट संचालकों और फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से संचालित नेटवर्क के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक सैकड़ों संदिग्ध म्यूल अकाउंट चिन्हित किए जा चुके हैं, जिनमें से कई खातों को फ्रीज कराने की प्रक्रिया जारी है, जबकि संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच की जा रही है।पुलिस जांच में सामने आया है कि साइबर अपराधी फर्जी सिम कार्ड के जरिए बैंक खातों का संचालन कर ठगी की गई धनराशि को विभिन्न खातों में ट्रांसफर करते हैं, जिससे जांच प्रक्रिया जटिल हो जाती है। ऐसे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस द्वारा तकनीकी विश्लेषण के साथ लगातार निगरानी और छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में एक ही दिन में 5 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जबकि 24 घंटे के भीतर 24 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतते हुए हेली बुकिंग फ्रॉड, फर्जी वेबसाइट, कॉल सेंटर ठगी, पेंशन फ्रॉड समेत अन्य साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए रणनीति लागू की है। विभिन्न थाना क्षेत्रोंख़ कोतवाली गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर, नानकमत्ता, दिनेशपुर, रुद्रपुर, जसपुर और किच्छाख़्में साइबर अपराध से संबंधित मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया है कि जनपद में साइबर अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले, फर्जी सिम कार्ड के जरिए नेटवर्क संचालित करने वाले तथा किसी भी रूप में साइबर ठगी में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी को सफल नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि हेली बुकिंग या अन्य ऑनलाइन सेवाओं के लिए केवल अधिकृत वेबसाइटों का ही उपयोग करें, किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी साझा न करें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाना में दें। जनपद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# तहसील दिवस पर उठाई इन्द्रानगर की जन समस्याएं



हल्द्वानी । तहसील कार्यालय में आयोजित तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व बड़ी संख्या में लोग समस्या लेकर पहुंचे। पूर्व सभासद ने राजकीय इंटर कॉलेज बालक में उर्दू अध्यापक की नियुक्ति करने की मांग रखी। उन्होंने कहा राजकीय इण्टर कॉलेज में 80 प्रतिशत अल्पसंख्यक समाज के बच्चे पढ़ते है पर उर्दू का अध्यापक नहीं है इस कारण विद्यालय में बच्चे उर्दू नहीं पढ़ पा रहे है। इंद्रानगर वार्ड 32 में मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। नगर निगम से दवाई का छिड़काव करने की मांग की। सलमानी ने इंदिरा नगर वार्ड संख्या 32 मोहम्मदी चौक इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर इंदिरा नगर बड़ी रोड की टूटी पुलियों का निर्माण करने की मांग रखी। उन्होंने कहा उत्तराखंड खाद एवं पूर्ति विभाग की वेबसाइट बंद पड़ी है। महीनों से इस कारण नए राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। वकील अहमद, शब्बीर अहमद अल्वी ने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने की मांग रखी। आलिया, मेहनाज ने इंदिरा नगर छोटी सड़क, इंदिरा नगर बड़ी सड़क की नालियों की सफाई करने की मांग रखी। यह नालियां मलवा मिट्टी व कूड़े से पट्टी पड़ी। इस कारण अनेक प्रकार की बीमारियां बस्ती में फैल रही हैं। इस अवसर पर मसरूर अहमद, अनस अहमद, रफीक अहमद, वसीम खान, शाहिद व वार्ड 32 की पार्षद फईम जेबा ने अनेक समस्याएं दर्ज कराई।

# रिजवान व तरुण का बेहड़ के आवास पर स्वागत



रुद्रपुर। उत्तराखंड यूथ कांग्रेस कमेटी में रिजवान अंसारी के प्रदेश महासचिव एवं तरुण नेगी के नगर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के निवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया एवं मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी प्रकट की। अपने संबोधन में विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि युवाओं का भविष्य यूथ कांग्रेस में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, समानता एवं विकास की रीति-नीतियों पर चलने वाली पार्टी रही है, जिसमें युवाओं को आगे बढ़ने और नेतृत्व करने के भरपूर अवसर मिलते हैं।उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और नगर हित, प्रदेश हित एवं समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं। श्री बेहड़ ने कहा वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल है और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मोहनखेड़ा, किन्नू शुक्ला, संजय जुनेजा, पार्षद परवेज कुरैशी, चेतन भट्ट, सोफिया मनी, मोनिका ढाली, शाहवेश, फरमान, अजय बिष्ट, मोहन पांडे, सुरेश सिंह, सुमित तोमर, विशाल जोशी, नितिन पांडे, अशोक सिंह मुकेश, फैजल खान, फरमान जुनैद सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नवप्रवेशी बालिकाओं का हुआ भव्य स्वागत



रूद्रपुर । शिक्षा विभाग उत्तराखंड के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला, रूद्रपुर में नवप्रवेशी बालिकाओं के सम्मान में भव्य प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई छात्राओं का विद्यालय परिवार में उत्साहवर्धन के साथ स्वागत करना और उन्हें शैक्षणिक वातावरण से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानकी प्रतिनिधि गीता किरण और विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभा रावत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। प्रवेशोत्सव के दौरान प्रधानाचार्या शुभा रावत ने विद्यालय में प्रवेश लेने वाली 48 नवप्रवेशी बालिकाओं का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. बसन्ती रानी द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकोंसे अपील की कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें और विद्यालय के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। इस समारोह में विद्यालय की शिक्षिका संगीता नेगी, अलका मेहरा और डॉ. पूनम रानी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों और शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



रूद्रपुर। निजी स्कूलों और शैक्षिक संस्थानों द्वारा शिक्षा को व्यापार बनाकर किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ शहर के अभिभावकों, शिक्षकों, श्रमिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने उपजिला अधिकारी पंकज उपाध्याय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि शिक्षा को मानवाधिकार और सामाजिक लाभ के बजाय लाभ कमाने वाले व्यवसाय की तरह चलाना बंद किया जाए, अन्यथा जिला मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि रूद्रपुर सहित पूरे जिले में निजी स्कूल प्रबंधन फीस, यूनिफॉर्म और किताबों के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। प्रशासन की ढिलाई के कारण इन संस्थानों के हौसले बुलंद हैं। अभिभावकों का कहना है कि एक तरफ सरकार सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल बस शुल्क और अन्य अतिरिक्त खर्चों का बोझ डालकर मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रहे हैं। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि स्कूलों की फीस वसूली पर कोई पारदर्शी नियंत्रण नहीं है। हर साल नियमों को ताक पर रखकर फीस बढ़ा दी जाती है और डोनेशन के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। यह भी शिकायत की गई कि कई स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है। इस दौरान इंकलाबी मजदूर केंद्र, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के युवा नेताओं और छात्र नेताओं ने भी अपना समर्थन दिया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से दिनेश भट्ट, श्रीवास सरकार, मनीष गुप्ता, रजनीश गंगवार, दीपमाला, तपेश्वर चौहान, लालमोहन जोशी, संजय गंगवार, तापस बिस्वास, उत्तम दास, धीरज कुमार, गौतम मादक, गोपी सरकार, उत्तम कुमार, राजेश मंडल, दिनेश गंगवार और राजेश चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। अभिभावकों ने मांग की कि शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने के लिए फीस और अन्य खर्चों पर सख्त नियंत्रण लागू किया जाए और शिकायतों के निस्तारण के लिए त्वरित प्रणाली विकसित की जाए।

# हज यात्रियों की सुविधा के लिए केंद्रीय मंत्री से खतीब अहमद



सितारगंज(उद संवाददाता)।प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों को मक्का और मदीना में प्रवास के दौरान कोई परेशानी न हो इसके लिए राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार से मुलाकात कर अनुरोध किया। उन्होंने संपूर्ण हज यात्रा के दौरान मक्का और मदीना की बिल्डिंगों में उत्तराखंड से जाने वाले हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की गुजारिश की। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उत्तराखंड हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद को बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की लगातार कोशिश है कि हज यात्रा 2026 में पूरे भारत से जाने वाले हज यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान हो सके। इसके लिए, लगातार भारत सरकार की तरफ से हज यात्रियों के लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं।

# किसानों की समस्याओं पर भाजपा प्रदेश मंत्री ने डीएम से की मुलाकात



रुद्रपुर। वैश्विक कारणों के चलते उर्वरकों की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने आज जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया से भेंट की। इस दौरान उन्होंने किसानों को फसल के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा गेहूं तोल केंद्रों पर व्याप्त समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की कमी से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध कराई जाए और गेहूं खरीद केंद्रों पर पारदर्शी व सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान गदरपुर ब्लॉक प्रमुख पति प्रीत ग्रोवर भी रहे।

# लक्ष्मण के मूर्छित होने का मंचन देख दर्शक हुए भावविभोर



हल्द्वानी। एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल रामलीला मैदान में आयोजित महिला रामलीला के नवें दिन की लीला मंचन में रावण अंगद संवाद के बाद रामायण के युद्धकांड की सबसे महत्व पूर्ण और भावुक लीलाएं मंचित की गयी। अंगद के लंका से वापस लौटने के बाद युद्ध भीषण रूप ले लेता है। डायरेक्टर मुकेश कुमार जोशी के निर्देशन में लीलाओं का मंचन किया गया।अंगद रावण की सभा में अपना पैर जमा देते हैं और चुनौती देते हैं कि रावण का कोई भी योद्धा या स्वयं रावण उसे हिला नहीं सकता। रावण के सभी मंत्री और अंत में रावण स्वयं पैर उठाने का प्रयास करता है, लेकिन असफल रहता है। जिससे रावण का अहंकार चूर-चूर हो जाता है।अंगद रावण को अंतिम चेतावनी देकर राम के शिविर में वापस लौट आते हैं। मेघनाद (इंद्रजीत) अपनी मायावी शक्तियों का उपयोग करता है और लक्ष्मण पर 'शक्ति' अस्त्र का प्रयोग करता है, जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। यह लीला बहुत भावुक होती है, जिसमें राम विलाप करते हैं और वानर सेना में शोक छा जाता है। लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए हनुमान जी को द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने के लिए भेजा जाता है। हनुमान जी पर्वत ही उठा लाते हैं और वैद्य सुषेण की सहायता से लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा की जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी नरेश पांडे, प्रवीण रौतैला, कपिल व्यास जी, सरोज आनंद जोशी, निशा जोशी, विनय जोशी ने दीप प्रज्वलन कर लीला मंचन का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं की रामलीला में भागीदारी महिला सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना तथा नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों से जोड़ना प्रेरणादायी है। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया। राम की भूमिका में मानसी रावत,लक्ष्मण अंशिका जीना, हनुमान तनुजा जोशी, रावण दीपा कोश्यारी, सुग्रीव नीलम लोहनी, जामवंत भावना पोखरिया थी। इस दौरान गिरीश चन्द्र तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, दिनेश फुलारा, पुष्पा संभल, कुश पांडे, कौशलेंद्र भट्ट, कामिनी पाल, इशिका शर्मा, योगिता बनोला, योगेन्द्र साहू, राधा मिश्रा, विमला ढंगवाल, सुरेंद्र रौतेला, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, मनोज गुणवंत, विकास राठौर, अजय कुमार, केशव दत्त गौरव जोशी, मकरंद प्रताप सिंह, केशव दत्त तिवारी, एनडी तिवारी, मोहन चन्द्र बलुटिया, मोहन अधिकारी, नारायण दत्त सनवाल आदि लोग थे।

# इकोनॉमिक कॉरिडोर से रोजगार, पर्यटन और व्यापार को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

## 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री करेंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का शुभारम्भ, सीएम ने की तैयारियों की समीक्षा



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के उत्तराखण्ड आगमन एवं दिल्लीख्र देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे) के शुभारम्भ कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री ने इस अवसर को राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह कार्यक्रम जन-उत्सव का रूप ले सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की रूपरेखा को अत्यंत आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्यता के साथ आयोजित करने पर बल देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासतख्रगढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी लोकनृत्यों और संगीत की झलक इस आयोजन में भव्य रूप से दिखाई देनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल को पारंपरिक एवं आधुनिक साज-सज्जा के समन्वय से सजाया जाए तथा कलाकारों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम न होकर उत्तराखण्ड की संस्कृति, परंपरा और गौरव का प्रतीक बने। मुख्यमंत्री श्री धामी ने जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपने घरों से निकलकर राष्ट्रीय ध्वज के साथ प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कार्यक्रम में शामिल हों और पूरे राज्य में उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए। साथ ही, कार्यक्रम से पूर्व प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर इस आयोजन को स्वच्छ, सुंदर और यादगार बनाएं। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह परियोजना उत्तराखण्ड के विकास को नई दिशा देने वाली सिद्ध होगी। इस कॉरिडोर के माध्यम से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, प्रदेश में औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार होगा, जिससे युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कॉरिडोर लॉजिस्टिक्स, परिवहन और निवेश के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना का शुभारम्भ उत्तराखण्ड के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा और प्रदेश को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में और अधिक सशक्त बनाएगा। बैठक में राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें सचिव शैलेश बगौली, कमिश्नर विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून,अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहितअन्य संबंधित अधिकारी शामिल थे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आरएएन में जागरूकता कार्यशाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में कक्षा 8 और 9 की छात्राओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गुंजन अरोड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय और प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा और मिडिल स्कूल समन्वयक जसप्रीत कौर ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉक्टर गुंजन अरोड़ा ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता की आवश्यकता और इस संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए किशोरियों और लड़कियों का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं को लेकर कई प्रश्न भी पूछे जिनका डॉक्टर गुंजन अरोड़ा ने अत्यंत सरल ढंग से उत्तर दिया और छात्राओं की सक्रियता की सराहना की। समारोह के समापन पर प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर गुंजन अरोड़ा द्वारा बताए गए स्वास्थ्य संबंधी सुझावों और नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए लड़कियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब वे स्वयं अपनी स्वच्छता और सेहत के प्रति जागरूक रहें। संपूर्ण कार्यक्रम बेहद गरिमामय और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





# गदरपुर में पांच नए कूड़ा संग्रहण वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

गदरपुर। नगर पालिका में 5 नए कूड़ा संग्रहण वाहनों का लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर एवं भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को वार्डों में सफाई कार्य के लिए रवाना किया। इसी के साथ 7 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले "स्वच्छता सप्ताह" का भी आधिकारिक शुभारंभ किया गया। स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन



स्थानीय थाना परिसर के समीप वृहद सफाई अभियान चलाया गयाइस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुम्बर, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सभासदगण, पालिकाकर्मी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नए वाहनों के शामिल होने से शहर की सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा स्वच्छता सप्ताह के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, अधिकारियों ने आमजन से भी इस अभियान में सहयोग करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की।

# कोलंबस स्कूल के 2 9वें स्थापना दिवस पर बिखरी सांस्कृतिक छटा

## भव्य समारोह में अशोक लीलैंड के मैन्युफैक्चरिंग हेड सचिन गोयल ने मेधावियों को स्कॉलर मेडल से नवाजा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान कोलंबस पब्लिक स्कूल में विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अशोक लीलैंड के उत्तर भारत क्षेत्र के मैन्युफैक्चरिंग हेड सचिन कुमार गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक निखिल पाहवा, आईसीआईसीआई बैंक के शाखा प्रबंधक किशन कुमार, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक योगेश शर्मा तथा एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक हेमंत त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सचिन गोयल, विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार एवं सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मनोज कुमार खेड़ा द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों को बैज पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय समूह गान के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों की सजीव प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथि स्वयं को तालियां बजाने से रोक नहीं सके। विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देवी काली के महत्व को चित्रित करता नृत्य प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोलंबस पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का भी संवर्धन किया जा रहा है। समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र 2025 26 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले प्री-प्राइमरी शाखा से लेकर कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलर मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025 26 के विजेता हाउस को कॉक हाउस ट्रॉफी प्रदान की गई।खमुख्य अतिथि सचिन कुमार गोयल ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और कला का ऐसा सुंदर समन्वय बहुत कम संस्थानों में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा यह स्पष्ट है कि कोलंबस स्कूल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल प्रदान करने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए व विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या डॉक्टर कमलेश मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। समारोह में विद्यालय परिवार संग राधिका खेड़ा, अनिल ढींगरा, केवल बत्रा, डॉक्टर ललित उप्रेती, एसके नैयर, अन्य गणमान्य, अभिभावक गण एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।









# रिंग रोड के निर्माण कार्यों का सांसद अजय भट्ट ने किया निरीक्षण

## रिंग रोड से सुधरेगी शहर की यातायात व्यवस्था और मजबूत होगी: अजय भट्ट

रुद्रपुर। क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने रुद्रपुर की महत्वाकांक्षी निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना का



स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान सांसद ने निर्माण कार्य की प्रगति, सामग्री की गुणवत्ता और परियोजना की समयसीमा को लेकर नेशनल हाईवे के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण स्थल पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यह रिंग रोड रुद्रपुर के भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक सौगात सिद्ध होगी। उन्होंने कहा इस परियोजना के पूर्ण होते ही शहर को दशकों पुरानी जाम की समस्या से स्थायी निजात मिलेगी। भारी वाहनों का आवागमन शहर के बाहर से होने के कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि रिंग रोड न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि सिडकुल के उद्योगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान कर आर्थिक विकास को भी नई गति देगी।अजय भट्ट ने निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता या समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनके साथ मौजूद एसडीएम कोस्तुभ मिश्रा ने भी मौके पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं और भूमि संबंधी पहलुओं की जानकारी साझा की।सांसद ने इस परियोजना को भारतीय जनता पार्टी की विकासपरक नीति का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड में विकास का पहिया तीव्र गति से घूम रहा है और जल्द ही यह रिंग रोड आम जनता के लिए समर्पित कर दी जाएगी।इस अवसर पर स्थानीय विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा ,एनएच पीडी अंचल जिंदल, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, विपिन जल्होत्रा,प्रीत ग्रोवर, मुकेश पाल, निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, बीनू कुमार, पवन राणा, मनोज मदान, राजेश कामरा, मोहित चड्ढा, मोर सिंह, अनमोल, संदीप राव, सुरेंद्र कुमार,विजय तोमर जीतेन्द्र संधू, मनोज मदान आदि लोग मौजूद रहें।

# अवैध स्लॉटर हाउस पर पुलिस का छापा,आठ आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर (ऊधम सिंह नगर) में कोतवाली पुलिस ने आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्लॉटर हाउस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इस्लामनगर स्थित लकड़ी की टाल के पास चारदीवारी के अंदर खुले आंगन में बिना लाइसेंस के भैंसों का वध किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 6 अप्रैल 2026 की रात मौके पर छापेमारी की, जहां आठ लोग चाकू और छुरियों से भैंसों का वध करते हुए पाए गए। पूछताछ के दौरान कोई भी अभियुक्त स्लॉटर हाउस संचालन




का वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके से 60 किलोग्राम भैंस का मांस, 5 जिंदा भैंसें तथा मांस काटने में प्रयुक्त चापड़, छुरियां, कुल्हाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू सहित अन्य उपकरण बरामद किए। बरामद मांस की शिनाख्त के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया गया, जिन्होंने निरीक्षण के बाद मांस के भैंस का होने की पुष्टि की। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सकील, सलमान, सोहेल, गोरे खां, जलीश, शाहरुख खान, कयूम और शहजान शामिल हैं, जो गदरपुर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में उप कारागार हल्द्वानी भेज दिया है। वहीं बरामद 5 जिंदा भैंसों को पशु चिकित्साधिकारी की मौजूदगी में आवश्यक कार्रवाई के बाद स्थानीय व्यक्ति की सुपुर्दगी में दे दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मोहन बोहरा, उपनिरीक्षक संजय बोरा सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।






# जागरूकता रैली के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 57, तल्ला मानपुर, मंडी बाईपास बरेली रोड में स्वच्छता विशेष अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान मे सफाई कर्मचारी, स्थानीय नागरिक, बैंणी सेना के सदस्य तथा अधिकारीगण व क्षेत्रीय निवासी शामिल थे। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में



स्वच्छता बनाए रखना एवं नागरिकों को जागरूक करना था। अभियान के दौरान सड़क सफाई, नाली सफाई, कचरा एकत्रीकरण तथा जागरूकता गतिविधियाँ की गईं। इस दौरान दुकानदारों एवं आम नागरिकों को कूड़ेदान का उपयोग करने तथा अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि खुले में कचरा डालने से मक्खियाँ पनपती हैं, जिससे बीमारियाँ फैलती हैं और नागरिकों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

# ईएसआई अस्पताल की बदहाली पर विधायक ने जताई नाराजगी

## नॉर्थ इंडिया मेडिकल कमिश्नर से मिले विधायक शिव अरोरा, डॉक्टरों की कमी और बदहाली का उठाया मुद्दा

रूद्रपुर। ईएसआई अस्पताल की नॉर्थ इंडिया मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश के रूद्रपुर पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने उनसे शिष्टाचार भेंट की और अस्पताल की बदहाली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। विधायक के साथ सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी और सिडकुल मैनपावर संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि ईएसआई अस्पताल इलाज के नाम पर शून्य साबित हो रहा है और विशाल बिल्डिंग होने के बावजूद यह केवल एक सफेद हाथी बनकर रह गया है। उन्होंने कमिश्नर को अवगत कराया कि रूद्रपुर एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है जहाँ 2 लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। अस्पताल की स्थिति यह है कि यहाँ मात्र चार स्थाई



डॉक्टर तैनात हैं, जबकि शेष संविदा पर कार्यरत हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि पर्याप्त उपचार न मिलने के कारण कई श्रमिक अपनी जान तक गंवा चुके हैं। विधायक ने आगे कहा कि एमपैनल अस्पतालों की मनमानी और रेफरल प्रक्रिया में हो रही देरी से श्रमिक परेशान हैं। गंभीर अवस्था में भी मरीजों को आसानी से रेफर नहीं किया जाता, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। अस्पताल में एक्सरे और अल्ट्रासाउंड जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुचारू नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हर गरीब को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए संकल्पित है, लेकिन ईएसआई अस्पताल प्रबंधन सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर रहा है। अस्पताल केवल एक रेफर केंद्र बनकर रह गया है, जो बेहद चिंताजनक है। विधायक शिव अरोरा की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को व्यवस्थाओं में सुधार लाने और छोटी बीमारियों का इलाज अस्पताल परिसर में ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिखर सिन्हा, मैनपॉवर एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष भटनागर, सचिन भटनागर, भाजपा नेता हिमांशु शुक्ला, संतोष पाल, राघव सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन में हरिनाम की धुन में डूबे श्रद्धालु

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में 24 प्रहर अखण्ड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं भंडारा कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। जिसमें आमंत्रित संकीर्तन मंडलियों दिनेशपुर की राधा कृष्ण संप्रदाय मंडली, नेताजी नगर की राधा रानी संप्रदाय मंडली, धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय मंडली, पिपलिया नंबर एक की ओम शांति हरि संप्रदाय मंडली और पिपलिया नंबर दो की राधा रमन संप्रदाय मंडली लगातार क्रमवार मृदंग और मंजीरे की थाप पर संगीतमय हरिनाम संकीर्तन कर रही हैं। जिसे सुनकर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्ति में मग्न होकर हरिनाम का श्रवण कर रहे हैं। महानाम





संकीर्तन के दौरान आगामी 9 अप्रैल तक प्रत्येक दिन प्रातः 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद भी वितरित किया जा रहा है। प्रतिदिन मंदिर में सायं 7 बजे से संध्या आरती हो रही है। अखण्ड महानाम संकीर्तन का समापन आगामी 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः 6 बजे होगा। जिसके पश्चात आरती व प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सांसद बलराज पासी, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा नेता अमित नारंग, विपिन शर्मा, पार्षद सरो राय, गणेश सरकार, सरोज राय, विष्णु सरकार, देवु मण्डघ्ल, सविता पाल, गोविन्द राय, समीर बवाली, सुव्रत सरकार, देवशंकरशील, विवेगदास, बुद्ध मल्लिक, तपन विस्वास, श्यामल राय, गुनधर गुह, कंकन विश्वास, विधान राय, मधु सरकार, भवेशी विश्वास, ठाकुर राय, रमेश तरफदार, तारा सरकार, विकास मण्डल, रेवा दास, काली दासी, भानु विश्वास, नमिता राय, माया वैरागी, डा. सुजित मित्रा, मुकेश मालाकार, डाः ईश्वर मल्लिक, सुशांत राय, पुलिन शील, रेनु साना, भुवन राय, दुलाल बैरागी, कल्पना मण्डल, लतिका विश्वास, शिखा मंडल, तपन मजुमदार, अशोक राय, सुरज राय, विक्रम मण्डल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ट्रंप की 'तबाह' धमकी

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात्रि 10.30 बजे के करीब मीडिया को संबोधित कर एक बार फिर धमकी दी कि अमरीका एक ही रात में ईरान को खत्म कर सकता है। तबाह और बर्बाद कर सकता है। यह रात कल (मंगलवार) भी हो सकती है। भारतीय समयानुसार बुधवार, सुबह 5.30 बजे राष्ट्रपति ट्रंप की 'डेडलाइन' है। उसके बाद कयामत के लम्हे कभी भी सामने आ सकते हैं। ईरान ने इस धमकी का पलटजवाब दिया है कि न तो होर्मुज स्ट्रेट खुलेगा और न ही जंग रुकेगी। ईरान के कथित सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का बयान भी सार्वजनिक किया गया है कि हम कुर्बानी देने से नहीं घबराते। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी धमकी दी है कि अमरीकी सेना ईरान के बिजली संयंत्रों, पुलों, जल-संयंत्रों पर ऐसे ताबड़तोड़ हमले करेगी कि ईरान अंधकार में डूब जाएगा। वह 'पाषाण-युग' वाला दृश्य ही होगा। क्या फिर भी ईरान 'समझौता' नहीं करना चाहता, सरेंडर नहीं करना चाहता? ईरान ने ऐसे समझौतापरस्त प्रस्तावों को भी खारिज कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक एयरमैन सैनिक को बचाने के सैन्य अभियान की खूब तारीफ की। राष्ट्रपति ने खुलासा किया कि ऑपरेशन में 200 कमांडो, सैनिक और 21 विमानों ने शिरकत की। यह इतिहास का सबसे कठिन और सफल बचाव था। अमरीकी सैनिक दुश्मन देश और उसकी जमीन से अपने एयरमैन सैनिक को बचाकर ले आए, ऐसा ऑपरेशन कभी नहीं हुआ। अनुमान है कि एक वायु-सैनिक को बचाने पर अमरीका ने 30 करोड़ डॉलर खर्च कर दिए। युद्ध में अन्य देशों के सैनिक, मासूम और गैर-सैन्य नागरिक भी मारे गए हैं। क्या उनकी जिंदगियां, अमरीकी सैनिक की तरह, कीमती और अनिवार्य नहीं थीं? अमरीकी सेना ने ईरान पर 13,000 से अधिक हमले किए हैं। लगभग इतने ही हमले इजरायली सेना ने किए हैं। करीब 2100 ईरानी नागरिक, 250 बच्चों समेत, मारे गए हैं। कुछ विशेषज्ञ तो मरने वाले ईरानियों की संख्या 5000 से अधिक बताते हैं और 10 लाख से ज्यादा विस्थापित हुए हैं। अमरीकी राष्ट्रपति अब भी ईरान को तबाह, पाषाणकालीन, करना चाहते हैं। ईरान के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति पद की मर्यादा भी नीलाम कर रहे हैं, लिहाजा अमरीकी संसद में '25वां संशोधन' लागू करने की पुरजोर मांग उभरी है। इसमें ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी और विपक्ष की डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर, सांसद शामिल हैं। अभी तक इस संशोधन के तहत किसी भी राष्ट्रपति को हटाया नहीं जा सका है। दरअसल यह युद्ध ही 'अवैध' है। अमरीका के संविधान और कानून के मुताबिक यह युद्ध अवैध है, क्योंकि अमरीकी कांग्रेस (संसद) की अनुमति नहीं ली गई है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 (4) के मुताबिक, किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग नहीं किया जा सकता। ये भी नियम हैं कि नागरिकों को निशाना नहीं बनाया जा सकता, अस्पतालों और चिकित्साकर्मियों पर हमले नहीं किए जा सकते, लेकिन ईरान युद्ध में तमाम कायदे-कानूनों का सरेआम, घोर उल्लंघन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुच्छेद 52 में यह प्रावधान है कि कोई भी देश आत्मरक्षा के लिए युद्ध कर सकता है, लेकिन बाद में सुरक्षा परिषद की स्वीकृति प्राप्त करनी जरूरी है। इस युद्ध ने ही जापान, जर्मनी सरीखे देशों को परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर बाध्य किया है। जापान के पास इतना सवंर्धित यूरेनियम और अन्य सामग्री है कि वह 5000 से अधिक परमाणु बम बना सकता है। अर्थात रूस और अमरीका की होड़ में शामिल हो सकता है। फ्रांस ने तय किया है कि वह 2030 तक मिसाइलों और ड्रोन की क्षमता 400 फीसदी बढ़ाएगा। युद्ध की तैयारियां! बहरहाल युद्ध के 39 दिन बीत चुके हैं। दुनिया में हडकंप मचा है। होर्मुज में करीब 3000 जहाज फंसे हैं, जाहिर है कि उनमें कच्चा तेल, गैस, अन्य आवश्यक वस्तुएं होंगी, जो देशों तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

# बुक सेलरों की दुकानों पर छापेमारी से मचा हड़कंप

### निजी स्कूलों की मनमानी रोकने को प्रशासन ने कसी कमर, एसडीएम ने दी कार्रवाई की चेतावनी

रामनगर। नैनीताल जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के बाद रामनगर में प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर किसी खास दुकान से किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए दबाव बनाने की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में स्टेशनरी और बुक सेलरों के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी की गई। देर शाम हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया।एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने शहर की विभिन्न दुकानों पर जाकर गहनता से जांच की। इस दौरान प्रशासन ने यह पड़ताल की कि क्या निजी स्कूल छात्रों को किसी विशेष दुकान या महंगे प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान तीन प्रमुख बुक सेलरों की दुकानों की बारीकी से जांच की गई, जहां एनसीईआरटी के साथ अन्य निजी प्रकाशनों की पुस्तकें भी उपलब्ध मिलीं। दुकानदारों ने पूछताछ में बताया कि वे स्कूलों द्वारा सुझाई गई सूची के आधार पर ही किताबों का स्टॉक रखते हैं। प्रशासनिक टीम ने मौके पर मौजूद अभिभावकों से भी बातचीत की, जिसमें एक अलग पहलू सामने आया। अभिभावकों ने बताया कि स्कूलों द्वारा दी जाने वाली पर्चियों में अक्सर केवल कक्षा का जिक्र होता है, लेकिन किसी विशेष पुस्तक या प्रकाशक का नाम स्पष्ट नहीं किया जाता, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रहती है। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि अब सीधे स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बच्चों के स्कूल बैग भी चेक किए जाएंगे ताकि यह पता चल सके कि वास्तव में कौन सी किताबें पढ़ाई जा रही हैं और क्या स्कूल प्रबंधन किसी खास प्रकाशक को अनुचित लाभ पहुंचा रहा है। स्कूल ड्रेस की बिक्री को लेकर भी प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है। उपजिलाधिकारी ने दोटूक कहा कि ड्रेस के नाम पर ओवररेटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई भी दुकानदार या स्कूल प्रबंधन निर्धारित कीमत से अधिक वसूली करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।





# बच्चों को सोशल मीडिया दूर रखने को कानून बनाने की उठाई मांग

रुद्रपुर।अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति और राष्ट्रीय सामान्य परिषद की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण भाई साह व राष्ट्रीय सचिव जयंत कथिरिया की मौजूदगी में हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में आयोजित की गई। जिसमें देश भर के 36 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 276 प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया।उद्घाटन सत्र के दौरान शांतिकुंज गायत्री परिवार के मुख्य प्रशासक योगेंद्र गिरि ने कहा ग्राहक पंचायत का कार्यक्षेत्र आर्थिक है, जबकि गायत्री परिवार का मिशन वैश्विक आध्यात्मिक धरातल पर संचालित होता है। कहा कि ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन निस्वार्थ सेवा की भावना से करते हैं। सामान्य सभा के दौरान, देश में चल रहे पर्यावरण संरक्षण प्रयासों और विभिन्न संगठनात्मक मामलों की समीक्षा के अतिरिक्त, वर्तमान सामाजिक- आर्थिक परिदृश्य से संबंधित तीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें पारित किया गया। जिनमें केंद्र सरकार को बच्चों की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुँच को विनियमित करने के लिए तत्काल कानून बनाने, केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जो शोषण से मुक्त हो सभी के लिए किफायती और सुलभ हो, ग्राहक पंचायत आंदोलन ऊर्जा संकट के समय सरकार के साथ एक जुटता से खड़े रहने का संकल्प लेता है।





# समाजसेवियों ने संकीर्तन में लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड संख्या 35 राजीवनगर में आयोजित सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन में समाजसेवी जगदीश तनेजा, सुशील गाबा और सचिन मुंजाल ने साथियों सहित पहुंचकर माथा टेका और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी आगंतुक अतिथियों का पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। धार्मिक आयोजन में पहुंचे समाजसेवी जगदीश तनेजा ने वार्डवासियों को संकीर्तन की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के भव्य आयोजनों के लिए भारी व्यवस्थाएं जुटाना और अनुशासन बनाए रखना बड़ी चुनौती होती है, जिसके लिए पूरी कमेटी साधुवाद की पात्र है। समाजसेवी सुशील गाबा ने संकीर्तन की महिमा का बखान करते हुए कहा कि हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे और हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे के मधुर संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया है। उन्होंने कहा कि 24 प्रहर के इस विराट महायज्ञ में संगीतमय अमर शब्दों को सुनकर मानव जीवन सफल हो जाता है। पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि इस संकीर्तन महायज्ञ और भंडारे में सेवा करने वाले भक्तों पर प्रभु की कृपा स्वत: ही बरसती है। भक्ति और सेवा का संगम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इस दौरान आयोजन कमेटी के अध्यक्ष गणेश सरकार, उपाध्यक्ष विकास विश्वास, सिद्धांत ग्रोवर, गौतम घरामी, खगोपति विश्वास और अमित सरकार सहित बड़ी संख्या में राजीवनगर क्षेत्र के निवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संकीर्तन का आनंद लिया और प्रसाद ग्रहण किया।



# दुर्गापुर में ग्रामीणों ने ठुकराल का किया भव्य स्वागत

रूद्रपुर। ग्राम सभा बुक्सौरा के अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने के उपरांत प्रथम आगमन पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक स्वागत किया। क्षेत्र में पहुंचने पर भारी संख्या में जुटे युवाओं, किसानों और मातृशक्ति ने ठुकराल का फूल-मालाओं से स्वागत किया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भावुक नजर आए। उन्होंने ग्रामीणों के अपार स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव जनसेवा के संकल्प के साथ राजनीति में रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जनहित के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्होंने घर वापसी की है और अब उनका एकमात्र लक्ष्य किच्छा और रुद्रपुर विधानसभा सहित पूरे जनपद में कांग्रेस के हाथ को मजबूत करना है। कार्यक्रम में ग्राम प्रध



ाान गगन रंधावा,करन रंधावा, रेशम रंधावा, अनमोल रंधावा, गुरवंत सिंह, हैप्पी सिंह, विक्रम जीत सिंह, गुरमुख सिंह संधू, हरभजन सिंह संधू, हरी सरकार, प्रदीप मिस्त्री, प्रदीप राय, अशोक विश्वास, अशोक राय, हरि प्रसाद सरकार, हरिपद रॉय, भुवनचंद्र जोशी, महेंद्र शर्मा, जसपाल सिंह बिष्ट, मुकेश ढाली, सतपाल सिंह, प्रकाश चंद जोशी, निषित विश्वास, नरेश विश्वास, रतन डाली, आकाश बठला, अंकित बटला, अक्षय मदान, विशाल, रोहित, पूनम, रिया, सुनील चुग, अजय नारायण सिंह, संजय ठुकराल, केरू मंडल, रूद्रा सिंह, राजीव गुप्ता, गुरफाल सिंह, विश्वाल सिंह, गुरनीत सिंह, बाबू मंडल, सुकुमार साना, गोरफर साना, समीर मंडल, राकेश मंडल, गौरव विश्वास, तारकेश्वर मल्लिक, वरुण सरकार, देव विश्वास और वरुण हालदार आदि थे।

# 68 शिकायतों से जुड़ा बैंक खाता साइबर ठगी की जद में

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सिस बैंक की शाखा के एक खाते में साइबर ठगी की 68 शिकायतों से जुड़े होने के बाद एसएसआई द्वारा मुकदमा दर्ज करवाया गया है। एसएसआई ने इस मामले में बैंक कर्मचारियों की मिली भगत की आशंका भी जताई है। एसएसआई कोतवाली काशीपुर नवीन बुधानी ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि उनके द्वारा साइबर सैल से प्राप्त रिपोर्ट में अंकित बैंक खाते को एनसीआरपी पोर्टल पर सर्च करने पर उपरोक्त खाता संख्या अलग-अलग राज्यो के विभिन्न थानों में दर्ज कुल 68 शिकायतों में सम्मिलित होना प्रकाश में आया है। नवीन बुधानी ने बताया कि उक्त डिटेल के आधार पर प्रथम दृष्टया खाता (एक्सिस बैंक) के खाताधारक अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना किया जाना समीचीन प्रतीत होता है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त बैंक खाता वास्तविक बैंकिंग उद्देश्यों के लिए नहीं खोला गया था, बल्कि धोखाधड़ी से प्राप्त आय को प्राप्त करने के लिए, उपभोग करने के लिए जानबूझकर बनाए और संचालित किये गये हैं। एसएसआई बुधानी ने कहा कि इस स्तर पर, संबंधित बैंक अधिकारियों की भूमिका या सक्रिय मिलीभगत को खारिज नहीं किया जा सकता है, और जिसके लिए विस्तृत विवेचना की आवश्यकता है। उपरोक्त शिकायतों से स्पष्ट होता है कि पीड़ितों को गलत नुकसान और खाताधारक को गलत लाभ हुआ है। उक्त आपराधिक प्रकरण में शामिल आरोपी म्यूल बैंक खाता एक्सिस बैंक का खाताधारक नाम पता अज्ञात उपरोक्त तथ्य प्रथम दृष्टया की बीएनएस की धारा 318(4) के हद तक पहुंचती है। अत: प्रकरण के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर जांच किया जाना आवश्यक है। एसएसआई नवीन बुधानी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई हेम चन्द्र तिवारी के हवाले की है।

# बीओबी के खाते में भी मिली 35 शिकायतें

काशीपुर। कुंडा कोतवाली के एसआई गणेश दत्त भट्ट ने भी बैंक ऑफ बड़ोदा के एक खाते में 33 शिकायतें मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कराया है। एसआई गणेश दत्त भट्ट ने दर्ज कराये मुकदमें के अनुसर साईबर सैल रुद्रपुर से प्राप्त म्यूल एकाउंट की डिटेल के अनुसार बॉब के एक खाते को लेकर विभिन्न थानो में दर्ज कुल 33 शिकायतों में सम्मिलित होना प्रकाश में आया है। उक्त डिटेल के आधार पर प्रथम दृष्टय खाताधारक अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना किया जाना समीचीन प्रतीत होता है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त बैंक खाता वास्तविक बैंकिंग उद्देश्यों के लिए नहीं खोला गया था, बल्कि धोखाधड़ी से प्राप्त आय को प्राप्त करने के लिए, उपभोग करने के लिए जानबूझकर बनाया और संचालित किया गया हैं। इस स्तर पर, संबंधित बैंक अधिकारियों की भूमिका या सक्रिय मिलीभगत को खारिज नहीं किया जा सकता है, और जिसके लिए विस्तृत विवेचना की आवश्यकता है। उपरोक्त शिकायत से स्पष्ट होता है कि पीड़ितों को गलत नुकसान और खाताधारक को गलत लाभ हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था से लोगों को मिली राहत

नानकमत्ता। नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नगर पंचायत द्वारा उठाए गए कदम अब रंग लाने लगे हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिली है और आसपास का वातावरण भी साफ-सुथरा नजर आने लगा है।बताया जा रहा है कि



नगर पंचायत द्वारा पिछले कुछ महीनों से घर- घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था लागू की गई है। पहले जहां लोगों को कूड़ा निस्तारण में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और कई स्थानों पर कूड़ा जमा होने से गंदगी फैलती थी, वहीं अब नियमित रूप से कूड़ा उठाए जाने से इस समस्या में काफी हद तक सुधार हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने बताया कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि कहीं भी गंदगी न फैलने पाए। उन्होंने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही यह व्यवस्था सफल हो पा रही है। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें, बल्कि निर्धारित स्थान पर ही डालें और कूड़ा उठाने आने वाले कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें। नगरवासियों का कहना है कि इस व्यवस्था से न केवल सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है, बल्कि बीमारियों के खतरे में भी कमी आई है।

# स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और समाज की नींव है

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोक भवन में स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लोक भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम महिला गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। रेकिट और प्लान इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लोक भवन में रहने वाले परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उपस्थित लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गुरमीत कौर ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और समाज की आधारशिला रखती है। उन्होंने बच्चों के बेहतर पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की। स्वच्छता और सेहत के अटूट संबंध पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि नियमित रूप से हाथ धोना, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करना और अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखना जैसी छोटी आदतें कई गंभीर बीमारियों से बचाव में मददगार साबित होती हैं। उन्होंने स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी न मानकर एक सामुदायिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करने और इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।इस दौरान उन्होंने डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया जैसे जन जागरूकता अभियानों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। उन्होंने इस अभियान से जुड़े संगठनों और टीम डीबीएसआई को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न खेल और प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉक्टर तृप्ति श्रीवास्तव, डॉक्टर एके सिंह, डॉक्टर प्रांजलि थापा, रेकिट एवं प्लान इंडिया के प्रोग्राम मैनेजर सैयद अली नकवी, मैनेजर प्लान इंडिया संजय सिंह सहित लोक भवन के तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।





## पेज एक का शेष...

**लाखों की स्मैक के साथ.....**ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह लालपुर के ही जसवंत सिंह से 2500 रुपये प्रति ग्राम के हिसाब से स्मैक खरीदती है और फिर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर 700 से 800 रुपये में बेचती है। महिला ने स्वीकार किया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से इस धंधे में शामिल है और पहले भी कच्ची शराब की तस्करी में पकड़ी जा चुकी है। उन्होंने बताया पुलिस अब इस नेटवर्क के मुख्य सप्लायर जसवंत सिंह की तलाश में जुट गई है। एसएसपी गणपति ने बताया दूसरी कार्रवाई रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने बगवाड़ा में रूद्रपुर रामपुर बाईपास फ्लाईओवर के पास अंजाम दी गई । जिसमें उप निरीक्षक प्रियांशु जोशी और एएनटीएफ की टीम चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी फ्लाईओवर से करीब आधा किलोमीटर दूर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए युवक की पहचान अर्जुन सिंह निवासी ग्राम कपूरपुर, मीरगंज, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। जामा तलाशी में उसकी जेब से एक पारदर्शी पन्नी में 103.33 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह यह स्मैक बरेली के ही विशाल सिंह से लेकर आया था। वे दोनों विशाल की कार से रूद्रपुर पहुंचे थे और अर्जुन ग्राहकों को स्मैक की सप्लाई देने के लिए कार से उतरा था, तभी पुलिस की नजर उस पर पड़ गई। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल और 900 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस अब बरेली के सप्लायर विशाल सिंह की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस टीमों में उपनिरीक्षक बसंत प्रसाद, प्रियांशु जोशी, विनोद जोशी, कांस्टेबल मदन नाथ, विजय रावत, महेंद्र जरमाल, किशन सिंह, और महिला कांस्टेबल गीता सहित एएनटीएफ के जवान शामिल रहे। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि जनपद ऊधमसिंहनगर में नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन प्रहार के तहत ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने एवं समाज को सुरक्षित बनाने हेतु पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

**पार्षद धामी हत्याकांड.....**उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों की गोलियां धामी के सिर, गले और सीने में लगीं। गंभीर रूप से घायल पार्षद ने जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने उनका पीछा कर उनकी हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी उन्होंने बताया पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि यह हत्या राजनीतिक रंजिश एवं क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम थी। हत्या को अंजाम देने के लिए मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के पेशेवर शूटरों को लगभग 4 लाख की सुपारी दी गई थी। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा 07 आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस अब तक 07 में से 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि रिंकू शर्मा उर्फ पंडित घटना के बाद से ही फरार था। उन्होंने बताया कि पार्षद प्रकाश धामी हत्याकांड उत्तराखण्ड के चर्चित जघन्य अपराधों में से एक था, जिसमें शामिल आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था और लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। इस फरार इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ द्वारा विशेष रणनीति बनाकर तकनीकी सर्विलांस, मानव स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं तथा भौतिक साक्ष्यों का लगातार विश्लेषण किया जा रहा था। पिछले लगभग एक माह से एसटीएफ की टीम इस आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी बनाए हुए थी।अजय सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि उक्त इनामी शूटर रुद्रपुर क्षेत्र में मौजूद है, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम एवं कोतवाली रुद्रपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में सघन घेराबंदी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया।सटीक रणनीति और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने इनामी आरोपी रिंकू शर्मा उर्फ पंडित पुत्र मुकेश शर्मा, निवासी जग्गा का पुरा, थाना डिमनी, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि रिंकू शर्मा के विरुद्ध मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती , रंगदारी वसूली व गैंगस्टर के करीब 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। एसएसपी एसटीएफ ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के अंतर्गत जघन्य अपराधों में वांछित एवं फरार इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक एम. पी. सिंह, उप निरीक्षक प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल गोविन्द बिष्ट, सुरेन्द्र कनवाल, दुर्गा सिंह पापड़ा, कांस्टेबल गुरवंत सिंह, मोहित वर्मा, कोतवाली रुद्रपुर प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, उप निरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट, कांस्टेबल अमित कुमार व रघुनाथ सिंह शामिल थे।

**आईजी ने पिथौरागढ़ में परखी.....**आईजी अग्रवाल ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अभिलेखों और डेटा का डिजिटलीकरण जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि कार्यप्रणाली में अधिक पारदर्शिता और गति आए। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में तकनीक आधारित पुलिसिंग ही जनता को बेहतर सेवा दे सकती है। निरीक्षण के अंत में आईजी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में ष्सत्यमेव जयतेष की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाने के लिए अधिकारियों को जनता के प्रति अपनी जवाबदेही तय करनी होगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ अक्षय प्रहलाद कोंडे सहित जनपद के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। आईजी के इस सख्त रुख से महकमे में हड़कंप की स्थिति रही, वहीं दूसरी ओर आम जनता में पुलिसिंग के प्रति सकारात्मक विश्वास जगा है।

**नानकमत्ता पुलिस ने भी.....**सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध और क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नानकमत्ता मंजू पाण्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम 7 अप्रैल की शाम को सिद्धा नवादिया हाईवे के पास चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में पुलिस को दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 15.06 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम परगट सिंह पुत्र निर्मल सिंह, निवासी सिसई खेड़ा, नानकमत्ता बताया। पुलिस ने आरोपी से स्मैक के स्रोत और इस अवैध धंधे में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी गहनता से पूछताछ की है, जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास तेज कर दिए गए हैं।पुलिस ने आरोपी परगट सिंह के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत, चौकी प्रभारी प्रतापपुर, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल नवीन जोशी और गिरीश चंद शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए इस प्रकार की सख्त कार्रवाइयां भविष्य में भी जारी रहेंगी।

**गैस की किल्लत पर....**कहा कि जिला प्रशासन ने होम डिलीवरी के निर्देश दिए थे, लेकिन धरातल पर यह व्यवस्था प्वाइंट ऑफ सेल्स में तब्दील हो गई है। गैस वितरक मनमर्जी से किसी भी स्थान पर ट्रक खड़ा कर गैस बांट रहे हैं, जिससे गरीब मजदूर अपनी दिहाड़ी छोड़कर घंटों लाइनों में लगने को विवश हैं। समाजसेवी जगदीश तनेजा ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण छोटे होटल, ढाबा संचालक और उनमें काम करने वाले हजारों कारीगरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद ने जिलाधिकारी से अपील की कि वे स्वयं की निगरानी में एक टास्क फोर्स का गठन करें और शासन से संपर्क कर अतिरिक्त सिलेंडरों की व्यवस्था कराएं ताकि बढ़ते बैकलाग को खत्म कर होम डिलीवरी सुचारू की जा सके। पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश गौरी ने एजेंसियों पर सीधे वितरण शुरू करने और कालाबाजारी पर सख्ती से पाबंदी लगाने की मांग की। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल, गौरव गांधी, गौतम घरामी, राजेश तनेजा, विकास विश्वास, सिद्धांत ग्रोवर, अरुण अरोरा, हन्नी गंगवार, विशाल साहा, सागर बोस, मनोज घोष, ऋषभ वर्मा, करन निषाद, सुमित गुप्ता, ध्रुव निषाद, विशाल अनेजा, सुखवंत सिंह, सुकुमार मंडल, जयपाल टंडन, हर्ष अरोरा और छात्रसंघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**खिलाड़ियों को मिलेंगी....**क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने वॉटर स्पोर्ट्स के महत्व को आपदा प्रबंधन से जोड़ते हुए कहा कि इन खेलों में दक्षता केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन, बाढ़ राहत, नदी बचाव और तटीय सुरक्षा जैसे कठिन कार्यों में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। आपात स्थितियों में इन विधाओं के जानकार जवान जीवन रक्षक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बलों के जवानों का मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहना देश की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। प्रतियोगिता के दौरान कैनोइंग की 18, कयाकिंग की 18 और रोइंग की 16 रेस आयोजित की जाएंगी। कैनोइंग और कयाकिंग में 200, 500 और 1000 मीटर की दौड़ होगी, जबकि रोइंग में 500 और 2000 मीटर लंबी रेस कराई जाएगी। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवान, नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन 12 अप्रैल को होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजनों से राज्य के पर्यटन और खेल प्रतिभाओं के उन्नयन को नई गति मिलेगी।

# अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित क्षितिज दिया आर्थिक सहयोग

रूद्रपुर। श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज के मेधावी छात्र क्षितिज सिंह ने खेल जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल कर संस्थान और जनपद का नाम रोशन किया है। क्षितिज का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता तृतीय साउथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ है। छात्र की इस अभूतपूर्व



सफलता और समर्पण को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने उनका उत्साह वर्धन करने के लिए 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की है। महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान छात्र को यह सहयोग राशि भेंट की गई। महाविद्यालय प्रबंधन और प्राचार्या ने छात्र को सम्मानित करते हुए कहा कि संस्थान सदैव अपने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। क्षितिज की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन, समस्त प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राओं ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कॉलेज परिवार ने विश्वास व्यक्त किया है कि क्षितिज अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल महाविद्यालय, बल्कि जनपद और पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित करेंगे। छात्र ने भी इस सहयोग के लिए महाविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। इस दौरान खेल प्रेमी और कॉलेज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रिमझिम बरसात में लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

रुद्रपुर । महाराजा अग्रसेन चौक पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में चल रहा निरंतर भंडारा आज वर्षा के दौरान भी अवनरत जारी रहा। सैकड़ों लोगों ने रिमझिम बारिश के बीच भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। आज की जनसेवा का शुभारंभ डॉ. राधिका अग्रवाल, भाजपा नेत्री सुषमा अग्रवाल एवं जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष



प्रवीण जैन द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के पर्यावरण पर्यवेक्षक करम सिंह दानू, पर्यावरण मित्र राजपाल सिंह, मनोज कुमार एवं सुनील कुमार को सम्मानित किया गया।डॉ. राधिका अग्रवाल ने कहा कि भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय, प्रेरणादायक एवं समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। भाजपा नेत्री सुषमा अग्रवाल ने कहा जिस समर्पण और निरंतरता के साथ यह सेवा कार्य किया जा रहा है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। । उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को इस जनसेवा से जोड़ना है।कार्यक्रम में राजेश कामरा, कुशल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, जुगनू अरोरा, रवि अग्रवाल, प्रमोद यादव, करण अरोरा, अमित मित्तल, शिवांश अग्रवाल, पूजा मित्तल एडवोकेट, दीपिका मित्तल एडवोकेट, अंकित शर्मा, उषा शर्मा, मनीष मित्तल एडवोकेट, जितेंद्र साहनी, शिवम देवल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कॉर्बेट पार्क में पर्यटकों की आमद घटी,राजस्व को लगा करोड़ों का झटका

## बीते वित्तीय वर्ष में 58 हजार कम पहुंचे सैलानी, सफारी फीस और बुकिंग जटिलता बनी बड़ी बाधा



रामनगर (उद संवाददाता)। देश के सबसे लोकप्रिय वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शुमार जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में इस बार पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हर साल लाखों सैलानियों से गुलजार रहने वाला यह पार्क इस वित्तीय वर्ष में अपेक्षा से कम भीड़ और घटते राजस्व के कारण चिंता का विषय बना हुआ है। पार्क प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025 26 में कुल 4,00,946 पर्यटक ही कॉर्बेट पहुंचे, जिनमें 3,89,997 भारतीय और 10,949 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। पर्यटकों की संख्या कम होने का सीधा असर पार्क की आय पर पड़ा है। इस बार पर्यटन से होने वाली कुल कमाई घटकर 27 करोड़ 75 लाख 28 हजार रुपये रह गई है। यदि पिछले वित्तीय वर्ष 2024 25 के आंकड़ों से तुलना की जाए, तो उस दौरान 4,59,395 पर्यटकों ने पार्क का भ्रमण किया था। इस लिहाज से इस बार करीब 58 हजार से अधिक पर्यटक कम आए हैं, जिससे विभाग को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है। वन्यजीव विशेषज्ञों और नेचर गाइड्स ने इस गिरावट के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण गिनाए हैं। वरिष्ठ नेचर गाइड संजय छिमवाल का मानना है कि सफारी फीस में हुई वृद्धि ने मध्यम वर्ग के पर्यटकों को प्रभावित किया है, जिससे लोग अब महंगे विकल्पों से बच रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन बुकिंग की जटिल प्रक्रिया भी पर्यटकों को निराश कर रही है। ढिकाला जैसे लोकप्रिय जोन में समय पर बुकिंग न मिल पाने के कारण सैलानी अन्य विकल्पों की तलाश करने लगते हैं। वहीं कॉर्बेट के आसपास तेजी से विकसित हो रहे नए पर्यटन जोन जैसे फाटो और सीताबनी भी पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। इन क्षेत्रों में बेहतर टाइगर साइटिंग, आसान बुकिंग और नाइट स्टे की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसका सोशल मीडिया पर भी काफी प्रचार हो रहा है। ट्रैवल एजेंटों की नई रणनीति को भी इस कमी के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। वन्यजीव प्रेमी राजेश भट्ट का कहना है कि कई एजेंट कॉर्बेट के नाम पर पैकेज बेचते हैं लेकिन अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए पर्यटकों को कम शुल्क वाले वैकल्पिक जोनों में भेज देते हैं। मुख्य जोनों में वाहनों की सीमित एंट्री और जटिल नियम भी एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि केवल फीस कम करना ही समाधान नहीं है, बल्कि बेहतर प्रबंधन, पारदर्शी बुकिंग सिस्टम और सभी पर्यटन जोनों के बीच संतुलन बनाना अनिवार्य है। यदि समय रहते इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले वर्षों में कॉर्बेट का पारंपरिक पर्यटन ढांचा और अधिक कमजोर हो सकता है।

# इथोपिया में फंसा युवक,बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई

## लाखों रुपये वसूलने के बाद युवक को विदेश भेजा, एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार





रुद्रपुर। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और मानव तस्करी से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गदरपुर क्षेत्र के एक युवक को इथोपिया भेजकर वहां बंधक बना लिया गया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद से परिजन दहशत में हैं और उन्होंने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक (एसएसपी) से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।परिजनों के अनुसार, ग्राम अब्दुल्ला नगर निवासी राजकुमार ने बताया कि क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने उनके भांजे रोहित कुमार को बेहतर नौकरी का झांसा दिया। आरोपी ने दावा किया कि वह रोहित को दक्षिण कोरिया में अच्छी नौकरी दिला देगा। इसी भरोसे में आकर परिवार ने अपनी जमा पूंजी दांव पर लगा दी।बताया गया कि पूरे सौदे के तहत 15 लाख रुपये तय हुए थे, जिसमें से 5.65 लाख रुपये अग्रिम तौर पर दे दिए गए। बाकी रकम युवक के सुरक्षित दक्षिण कोरिया पहुंचने के बाद देने की बात कही गई थी। आरोपी ने पहले इथोपिया का वीजा बनवाया और कहा कि वहीं से आगे की प्रक्रिया पूरी कर रोहित को दक्षिण कोरिया भेज दिया जाएगा।चार अप्रैल को रोहित को पहले बैंकॉक, फिर शारजाह-दुबई के रास्ते इथोपिया भेजा गया। परिजनों का कहना है कि पांच अप्रैल को इथोपिया पहुंचने के बाद से ही रोहित का संपर्क उनसे टूट गया। इसके बाद जो तस्वीरें परिवार को भेजी गईं, उन्होंने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। तस्वीरों में रोहित का मुंह बंधा हुआ दिखाई दे रहा है और शरीर पर चोटों के गहरे निशान साफ नजर आ रहे हैं।परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक को वहां बंधक बनाकर रखा गया है और लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें आशंका है कि यह एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का मामला हो सकता है, जो लोगों को विदेश में नौकरी का लालच देकर ठगी और शोषण करता है।मंगलवार को परिजन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और युवक को सकुशल वापस लाने की मांग की है।एसएसपी अजय गणपति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब इस पूरे मामले की तह तक जाने और युवक की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के प्रयास में जुट गई है।






# बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार की रात्रि हल्द्वानी से देहरादून जा रही रोडवेज बस के चालक ने सामने जाती ट्रेक्टर ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जहां दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये वही ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि रोडवेज की बस संख्या यूके 07पीए 3042 यात्रियों को लेकर हल्द्वानी से देहरादून की ओर जा रही थी। बिलासपुर मार्ग पर बस चालक अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और बस तेज गति से सामने रामपुर की ओर जा रही ट्रैक्टर ट्राली से पीछे से जा टकराई। अचानक हुई इस दुर्घटना से बस यात्रियों में चीख पुकार शुरू हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक ग्राम असीमपुर रामपुर निवासी इरशाद पुत्र शकूर नवी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से चिकित्सालय भेजा गया। जबकि बस यात्री सकुशल बच गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी मौके पर आ गये और मामले की जानकारी ली।

# नगर निगम ने खेड़ा बस्ती में सरकारी जमीन से हटाया कब्जा,सामान जब्त

## नाले की भूमि कब्जाकर किया जा रहा था अवैध निर्माण शिकायत मिलने के बाद महापौर ने लिया त्वरित एक्शन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने वार्ड संख्या 18, खेड़ा बस्ती में नाले के समीप किए गए अवैध अतिक्रमण को सख्ती के साथ हटा दिया। निगम की इस औचक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। टीम ने न केवल मौके पर किए गए अवैध निर्माण को हटाया, बल्कि वहां मौजूद निर्माण सामग्री को भी अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया।मामला वार्ड नंबर 18 के खेड़ा बस्ती क्षेत्र का है, जहाँ अब्बास और अज्जू मियां नामक दो भाइयों द्वारा सार्वजनिक नाले की सरकारी जमीन को अपनी जागीर समझने की शिकायत महापौर को प्राप्त हुई थी। लिखित शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि इन दोनों भाइयों ने सरकारी दीवार को क्षतिग्रस्त कर न केवल वहां अवैध रूप से गेट लगा लिया है, बल्कि वे उस सरकारी जमीन की खरीद- फरोख्त करने की भी फिराक में थे। जैसे ही यह मामला महापौर के संज्ञान में आया, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश जारी किए।महापौर के आदेश पर नगर निगम की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुँची। स्थलीय निरीक्षण के दौरान शिकायत के तथ्य सही पाए गए। टीम ने देखा कि सरकारी जमीन को घेरकर वहां अवैध निर्माण कार्य चल रहा था। निगम कर्मियों ने बिना समय गंवाए अतिक्रमण को हटा दिया और निर्माण के लिए प्रयुक्त किए जा रहे सामान को जब्त कर सरकारी वाहन में लदवा दिया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण कारियों को दो-टूक लहजे में चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में पुन: इस स्थान पर सिर उठाने की कोशिश की गई, तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।इस कार्रवाई के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महापौर ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा सरकारी भूमि जनता की संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण कारी चाहे कितना भी रसूखदार या प्रभावशाली क्यों न हो, कानून सबके लिए बराबर है। हमने पूरे शहर के वार्डों के विस्तृत सर्वे का निर्णय लिया है। जहां-जहां सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे मिलेंगे, वहां बुलडोजर चलना तय है। महापौर ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण मुक्त शहर के संकल्प पर काम कर रहा है और आने वाले दिनों में यह अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, ताकि सरकारी जमीनों को खुर्द-बुर्द होने से बचाया जा सके।


